भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3706 का उत्तर

यादगीर-खम्मम नई रेल लाइन

3706. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने नारायणपेट, महबूबनगर, उचेरला, कलवाकुर्थी, देवराकोण्डा, नालागोण्डा और सूर्यपेट के रास्ते यादगीर (कर्नाटक), खम्मम (तेलंगाना) नई रेल लाइन निर्माण करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस रेल लाइन के लिए आवश्यक निधि जारी की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) इस रेल लाइन की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) इसे पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): यादगीर और खम्मम रेलवे नेटवर्क पर स्थित हैं और वाडी, बीबीनगर, वारंगल और डोर्णाकल के रास्ते जुड़े हुए हैं। इस समय, नारायणपेट, महबूबनगर, जदचेरला, कलवाकुर्थी, देवरकोंडा, नलगोंडा और सूर्यापेट के रास्ते यादगीर से खम्मम को जोड़ने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) से (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

*****

Sk